अदिति महाविद्यालय
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
सूचना

AM/2026/1852

दिनांक : 02/09/2026

महाविद्यालय की समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव व महाविद्यालय छात्रसंघ चुनाव 18 सितम्बर, 2026 को हो रहा है। इसके अन्तर्गत दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के लिये छात्राएँ प्रधान, उप–प्रधान, सचिव व सह–सचिव के चुनाव में भाग ले सकती हैं व चुनाव लड़ सकती हैं इसके नियमों की ज़ानकारी के लिये छात्राएं श्री जितेन्द्र गुलीया, कार्यवाहक प्रशासनिक अधिकारी/श्री चन्द्र शेखर शर्मा, कार्यवाहक अनुभाग अधिकारी (प्रशासन) से सम्पर्क करे।

महाविद्यालय छात्रसंघ चुनाव 2026–27 के लिये चुनाव उपरोक्त तिथि को प्रधान, उप–प्रधान, सचिव व सह–सचिव पद हेतु निम्नलिखित नियमानुसार कराया जायेगा। नामांकन पत्र दिनांक 02 सितम्बर, 2026 से प्राचार्या कार्यलय में सुश्री प्रियंका से प्राप्त कर सकते हैं।

**<u>प्रधान पद हेतु</u>**

1. प्रधान पद के चुनाव के लिये इच्छुक छात्रा का तृतीय व चतुर्थ वर्ष की छात्रा होना आवश्यक है।
2. चुनाव में इच्छुक छात्रा का सभी विषयों में उत्तीर्ण होना अति आवश्यक है।
3. 75 प्रतिशत उपस्थिति होना अनिवार्य है।

**<u>उप–प्रधान पद हेतु</u>**

1. चुनाव के लिये इच्छुक छात्रा का द्वितीय वर्ष की छात्रा होनी चाहिए।
2. चुनाव में इच्छुक छात्रा का सभी विषयों में उत्तीर्ण होना अति आवश्यक है।
3. 75 प्रतिशत उपस्थिति होना अनिवार्य है।

**<u>सचिव पद हेतु</u>**

1. चुनाव के लिये इच्छुक छात्रा द्वितीय व तृतीय वर्ष की छात्रा होनी चाहिए।
2. चुनाव में इच्छुक छात्रा का सभी विषयों में उत्तीर्ण होना अति आवश्यक है।
3. 75 प्रतिशत उपस्थिति होना अनिवार्य है।

**<u>सह–सचिव पद हेतु</u>**

1. चुनाव के लिये केवल प्रथम वर्ष की छात्राएं ही लड़ सकती हैं।
2. प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए दिनांक 10/09/2026 तक 75 प्रतिशत उपस्थिति होना अनिवार्य है

**<u>केन्द्रीय पार्षद हेतु</u>**

1. केन्द्रीय पार्षद के चुनाव हेतु नामांकन विश्वविद्यालय नियमानुसार किया जायेगा।
2. 75 प्रतिशत उपस्थिति होना अनिवार्य है।

**जो छात्राएं एक बार किसी भी पद के लिए चुनाव लड़ चुकी हैं वह दोबारा चुनाव नही लड़ सकती हैं।** केवल केन्द्रीय पार्षद पद पर लड़ी हुई छात्रा प्रधान, उप–प्रधान, सचिव व सह–सचिव का चुनाव लड़ सकती है। उपरोक्त सभी नियमों के अलावा दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा पारित नियमों को भी चुनाव में लड़ने वाली छात्राओं को पूर्ण पालन करना पडेगा। दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा पारित नियमों हेतु दिल्ली विश्वविद्यालय की वेबसाईट (www.du.ac.in) पर देखें/प्राप्त किए जा सकते है।

आवेदन करने वाली छात्राओं को आवेदन पत्र के साथ एक शपथ–पत्र देना होगा कि वह पिछले वर्षों में किसी भी अपराधिक गतिविधि में शामिल नहीं रही है तथा उसके विरुद्ध महाविद्यालय ने कोई भी अनुशासनहीनता की कार्यवाही नहीं की है तथा संबंधित छात्रा पिछले वर्षों में अनुत्तीर्ण नहीं हुई है तथा उसने चालू वर्ष में पुनः प्रवेश नहीं लिया है। नामांकन पत्र के साथ पिछली परीक्षा की अंक–तालिका, परिचय–पत्र व फीस की रसीद की छायाप्रति एवं रु.500/– का डिमांड ड्राफ्ट लगाना अनिवार्य है। नामांकन पत्र भरने की अन्तिम तिथि 10 सितम्बर, 2026 है।

Rathi

**प्रो. सीमा रानी**
**सह–संयोजक – छात्रसंघ सलाहकार समिति**

**प्रो. नीलम राठी**
**कार्यवाहक प्राचार्या**